governs him whether he be inside the House or outside it. He has to conduct himself in a dignified manner in so far as he is a Member of Parliament. In my opinion—of course, it is a *prima facie* view—I have not gone into the case—it is an insult to the Constitution itself and a violation of the oath that the Members have taken.

So far as the calculated move was concerned, there can be no doubt about it because previous intimation had been given. It has appeared in the papers as well and it was known to everybody that they were going to do this. Therefore, it was done with an intention, premeditated and pre-conceived.

Then the President had told them that it did not behove them and, therefore, they should stop; but a sustained effort was made to stop the President from delivering that Address. Therefore, he had to ask me to take some action or do something. But when I stood up, certainly the Members decided to walk away.

Therefore, if the House agrees—of course, I will consult Members—we can appoint a Committee to go into this.

**Several Hon. Members:** Yes, yes.

**Mr. Speaker:** The Committee might go into this matter and then give us a report. If the House agrees, we can appoint such a Committee. Is it agreed that we appoint a Committee for this purpose?

**Several Hon. Members:** Yes, yes.

**Mr. Speaker:** I will nominate those Members after some consideration.

**The Prime Minister, Minister of External Affairs and Minister of Atomic Energy (Shri Jawaharlal Nehru):** Shri Prakash Vir Shastri suggested, and I heartily commend the suggestion, that you might be pleased to convey to the President the deep regret of the House at this indecorous behaviour......

**Mr. Speaker:** Yes.

**Shri Jawaharlal Nehru:** ....and further that you have taken some steps about the appointment of a Committee.

**श्री पाराशर** (शिवपुरी) : अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना यह है कि रूल्ज की कोई जरूरत नहीं है । रूल्ज आफ प्रोसीजर के पेज १७५ पर यह प्रोवाइड किया गया है कि हमारे रूल्ज जो हैं, वे ज्वाइंट सैशन के लिए भी एप्लाई करते हैं । मैं जानना चाहता हूं कि क्या ये डिलीट कर दिये गये हैं, रद्द कर दिये गये हैं? कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि रूल्ज नहीं हैं । जबकि प्रोसीजर में ये मौजूद हैं, तो फिर . . . .

**अध्यक्ष महोदय** : कमेटी यह सब कुछ देखेगी ।

---

## PRESIDENT'S ADDRESS

**Secretary:** Sir, I lay on the Table a copy of the President's Address to both Houses of Parliament assembled together on the 18th February, 1963.

*President's Address*

**The President:** Members of Parliament, I welcome you most heartily to your labours in a new session of the Third Parliament of our Republic.

2. Ever since the constitution of our Republic, our Parliament has had to face difficult problems and to shoulder heavy responsibilities. Under the guidance of Parliament, we have laboured for the fulfilment of the objectives laid down in our Constitution, namely, to secure for all our citizens social, economic and political justice; liberty of thought, expresison, belief, faith, and worship; equality of status and of opportunity; and to promote

[The President]

among them all, fraternity, assuring the dignity of the individual and the unity of the nation. We have directed all our energies towards the establishment of a structure of society wherein these objectives might be effectively realised. We have also, in accordance with our past traditions, laboured for world peace and endeavoured to cultivate friendly and co-operative relations with all countries, avoiding military alliances. We venture to think that we have been of some service in this respect to the international community.

3. Soon after the constitution of our Republic, we began our long pilgrimage to reach our objective of a democratic and socialistic order and adopted planned objectives to this end. Two Five Year Plans succeeded one another, and now we are in the middle of the Third Five Year Plan. During this period, we have made substantial progress in many sectors of our economy, even though we have not always been satisfied with the progress we have made.

4. Agriculture which is the most important sector of our economy, has undergone material developments and agricultural production has increased considerably. Industry, both large-scale and small-scale, as well as village industries, have shown marked progress, and gradually an industrial base of our economy is being established. The nation's health has improved greatly, and the expectation of life, which used to be 32 in the forties, has reached 47 and is rising still. Striking results have been attained in the programme for the eradiction of malaria. Education, even though a great deal more has to be done to improve its quality and content, has spread rapidly. By the end of March 1962, there were over fifty million boys and girls in our schools and colleges. Stress has been specially laid on scientific and technical education and a large number of new technological institutions are functioning now.

5. Engrossed though we were in our internal development, we continued to take purposeful interest in international affairs, always laying stress on the vital importance of world peace. On some occasions, our participation made a difference and helped the cause of peace. We had hoped not only that world peace would be progressively assured, but that we also would continue to live at peace with our neighbours, and that any problems that arose would be settled by peaceful methods. We settled some of our important problems with Pakistan, but unfortunately other important ones still remain. We are anxious to settle these also peacefully so that India and Pakistan should, in accordance with our common history, culture and traditions, live as friendly and co-operative neighbours.

6. Some years ago, China commenced its surreptitious aggression in Ladakh which later resulted in some incidents between the two countries. This matter has often been discussed in Parliament. We hoped that we would succeed in solving this question also through peaceful methods. On the 8th September last, however, a new aggression started across the border in the North East Frontier Agency and, after some probing attacks, China, on the 20th October, mounted a masive attack on both the NEFA and the Ladakh sectors of the India-China boundary. In the middle of November, a second massive attack followed and our forces received a set-back. Subsequently the Chinese Government ordered unilaterally a cease-fire and a withdrawal.

7. These massive attacks and further aggression on our territory had a powerful effect on our people and resulted in a widespread and spontaneous display of unity all over the country. All the petty internal differences were hushed and stopped in the face of this peril to the nation's integrity and freedom. Parliament gave a lead to the nation in this matter in November last and our people, throughout

the length and breadth of India, wholeheartedly followed this lead.

8. Any attack on the integrity of India would have been painful, but an attack coming from a country with whom we had tried to be friendly, and whose cause we had espoused in international councils, was a gross betrayal and came as a great shock to our people. Inevitably, the first duty of the nation in these circumstances was to meet this aggression effectively and to prepare the country to that end.

9. At present no actual fighting is taking place. But the experience of the last few months has warned and steeled us and made us resolve to protect ourselves from this menace and to strengthern our defences and economic structure to the utmost. Our government is devoting itself to this urgent and vital task.

10. Soon after the Chinese aggression, our government appealed to the countries of the world asking for their sympathy and support. We are grateful to the large number of them who responded and extended their sympathy. A number of those have also given practical support and we are grateful to them. In particular, I should like to express our gratitude to the United States of America and the United Kingdom for the speed with which they gave their support to us in a moment of crisis.

11. The last session of Parliament discussed fully certain proposals which were put forward by the Governments of Ceylon and five other non-aligned countries. These proposals did not deal with the merits of the basic dispute between India and China, but suggested some method of creating an atmosphere which would enable these basic questions to be discussed. After full consideration and reference to Parliament, our Government conveyed their acceptance of these proposals, as clarified by the Colombo Powers, without any reservation. The Chinese Government has thus far not accepted them and we cannot say at present what development may take place in the future. Our country, committed as it is to peaceful methods, will always endeavour to solve disputes peacefully, provided this is in accordance with our honour and freedom. But whatever may happen, we cannot and will not submit to dictation backed by military force.

12. The issue of the Chinese aggression has been, and is today, the overriding issue before us and everything else has to be considered in that context. The freedom and honour of a country must be given the first place and, if a country cannot defend them, then all other matters lose their significance. The nation's activities have thus been concentrated on this basic issue. A National Defence Council has been formed and a National Defence Fund started. This Fund has met with a generous response from our people. Many Citizens' Councils have been formed in the different States and a Central Citizens' Council, to co-ordinate the activities of the other Councils, has also been instituted.

13. Many steps have been taken in order to expand our armed forces and increase production in our ordnance factories and other defence establishments. The assistance of civil factories is also being taken to this end. I hould like to express our Government's gratitude to the workers of all those factories. They have responded wonderfully to the cause of the nation. This is true of others working in fields and factories and in Government undertakings all over the country, and it has been a heartening experience for all of us to see this mighty response of a great people in the face of peril to the motherland.

14. Soon after the declaration of Emergency, the central organisations of labour and management unanimously adopted an industrial truce resolution aiming at the total elimination of industrial disputes, and increase

[The President]

of production and reduction of cost to the maximum extent possible. In pursuance of this, Emergency Production Committees have been set up at the Centre, in the States and in many industrial establishments.

15. In view of the great burdens cast on us by the Chinese aggression and the steps taken to meet it, the question arose as to how far our Third Five Year Plan could be carried through without considerable change. On full consideration of the matter, our Government came to the conclusion that a very great part of the Plan was essential for strengthening the nation and its implementation was, therefore, necessary even from the point of view of defence. Economic development and industrial growth are the very basis of our defence preparedness. To stop or slow down this process of economic development would result in weakening the country. It has therefore been decided to continue implementing the Third Five Year Plan with such minor modifications as may be necessitated by the circumstances and by reorienting our industrial pattern so as to give priority to defence needs. Thus, in the field of agriculture, industry, transport, communications, power, technical education and research, we have to continue to do our utmost. A strong agricultural base is a pre-requisite of national security. Industry is essential for defence, so also the growth of power and transport and technical education.

16. Intensive agricultural programmes have led to increases in per acre yields of rice from 15 to 21 per cent., of wheat from 8 to 15 per cent., and of barley from 11 to 25 per cent., as compared to the previous year. The upward trend in industrial output has continued and the increase in industrial production, in the first nine months of 1962, is estimated to be around seven and a half per cent. The production of iron and steel is steadily increasing and steps have been taken for the expansion of the steel plants in the public sector, and the setting up of an alloy steel plants at Durgapur. Further progress has been made in the development of our mineral and oil resources. Coal production has been steadily increasing and it is hoped that the target for production of 61 million tonnes will be achieved this year.

17. In December 1962, the Indian elimination of waste, conservation of one million gross registered tons. The target for acquiring additional tonnage of five hundred and fifty thousand gross registered tons, to be attained by 1966, is well within sight three years ahead of the close of the Plan. Two hundred thousand tons have already been acquired and firm orders have been placed for acquisition of more than two hundred thousand tons.

18. Economy in expenditure, the elimination of waste, conservation of our limited material resources, and restraint on consumption, always important, are of particular importance today. The basic necessities of the people should be fully secured and the price line maintained. It is a tribute to the sense of discipline and solidarity of our people that, immediately after the declaration of Emergency, there was a spontaneous and general recognition of the need for preserving the stability of the economy. The general level of wholesale prices at present is no higher than it was at the beginning of the Third Five Year Plan. In order to put an end to the strain on our foreign exchange resources through smuggling of gold into India, certain rules have been framed to bring gold under control.

19. Our Atomic Energy programme has shown rapid progress. A uranium mine is being opened in Bihar and a uranium mill is under construction. The first nuclear power station at Tarapore will be followed by a second such station near Rana Pratap Sagar in Rajasthan; a third one will be located at Kalpakkam on the east coast in Madras State. It appears, on further enquiry, that the cost of electric power from the Tarapore Station will be less than

from a coal power station of the same size in the same locality. These power stations will also lighten the pressure on our railway and transport systems.

20. The Community Development programme now almost covers the entire country, and Panchayati Raj is now functioning in nine States. In view of the Emergency, a special programme has been started for the full mobilisation of rural India to meet the challenge of national defence. Village Volunteer Forces will be organised in every Panchayat with a three-fold programme—production, mass education and village defence. An integral part of the scheme is the creation of a Defence Labour Bank based on the donation of free labour at the minimum rate of one day's labour per month by every adult. The co-operative movement in the rural areas has made considerable progress and membership of primary agricultural credit societies, which is 20 million now, is expected to rise to 24 million in 1963 and to 28 million next year. More than a thousand co-operative farming societies have been organised so far.

21. I am glad to inform you that the Government of France has ratified the Treaty of Cession in respect of the former French establishments. This completes the *de jure* transfer of these establishments to India.

22. Our relations with Nepal continue to be friendly. Indian aid to Nepal, both in the field of economic help and technical assistance, has achieved satisfactory results. India has promised Nepal economic aid to the extent of eighteen crores of rupees during the Third Five Year Plan period, apart from the Kosi and Gandak projects, the benefits from which will accrue to both India and Nepal.

23. India has also given substantial aid to Bhutan and Sikkim for their economic development. India sponsored the membership of Bhutan to the Colombo Plan, and Bhutan participated in the Colombo Plan Consultative Committee at Melbourne in November 1962.

24. The Government of India has welcomed the independence of Algeria, Burundi, Jamaica, Rwanda, Trinidad, Tobago and Uganda, which have been admitted as members of the United Nations. We wish these newly independent countries every success. Nyasaland is also to have self-government soon.

25. In the Congo, our troops functioning under the United Nations, have helped greatly in solving some of the difficult problems that had arisen there. Our troops will remain there until the United Nations is able to release them without putting their peace-keeping operations into jeopardy.

26. In the course of the past year, we have had goodwill visits, which we have welcomed, from many Heads of States and Prime Ministers and others from many countries. Among them were, Their Majesties the King and Queen of Nepal, President Lopez Mateos of Mexico, Mr. Gheorghiu-Dej, President of the People's Republic of Rumania, President Makarios of Cyprus, Dr. Heinrich Lubke, President of the Federal Republic of Germany, His Royal Highness Prince Norodom Sihanouk of Cambodia, Their Majesties the King and Queen of Greece, Prime Minister Mr. Lee Kuan Yew of Singapore, Prime Minister Tunku Abdul Rahman of Malaya, Mr. Edward Kardeli, Vice-President of Yugoslavia, and Dr. Rachid Karame, Prime Minister of Lebanon.

27. While our efforts are directed to meeting our grave problems and mobilisation of our human and material resources, both for defence and economic development, we welcome the slight improvement in the international situation. Cuba afforded us an example of the world hovering over the very brink of a nuclear war, which, however, was avoided by the restraint and goodwill of the Great Powers involved. There has been some indication of relaxation of tension and the possibility of agreements being reached in regard to the banning of nuclear weapons.

[The President]

28. A statement of the estimated receipts and expenditure of the Government of India for the financial year 1963-64 will be laid before you.

29. Among the Bills that will be placed before you for your consideration, will be:

1. A Bill to provide for the representation for the Union territory of Pondicherry, Karaikal, Mahe and Yanam in Parliament.
2. The Union Territories Bill.
3. The Slum Areas (Improvement and Clearance) Amendment Bill.
4. The Indian Emigration (Amendment) Bill.
5. The Industrial Disputes (Amendment) Bill.
6. The Factories (Amendment) Bill.
7. The Electricity (Supply) Amendment Bill.
8. The Delhi Development (Amendment) Bill.

30. Members of Parliament, we are meeting today at a grave moment in our history. Committed as we are to build a democratic socialist society in which progress is sought and attained by peaceful methods and by consent, we have to face the menace of foreign aggression. I earnestly trust that this Parliament which is ultimately responsible for our policies and for guiding the nation, will face these great tasks with courage and wisdom, and a spirit of tolerance and co-operative endeavour. May your labours bear fruit for the good of our country and people and the world. Awake, arise, understand the opportunities you have and stop not till the goal is reached—

*uttisthata jagrata prapya-varan nibodhata.*

**राष्ट्रपति** : संसद् के सदस्यगण,

हमारे गणराज्य की तीसरी संसद् के नये इजलास का कार्यभार उठाने के लिये मैं आप सब का स्वागत करता हूं ।

२. हमारे गणराज्य की स्थापना के समय से ही हमारी संसद् को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ा और भारी जिम्मेदारियां उठानी पड़ी हैं । संसद् की रहनुमाई में हमने अपने संविधान में बताये उन मकसदों को पूरा करने का यत्न किया है, जो इस प्रकार हैं :—

अपने सभी नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त करना; विचार, इजहार, विश्वास, निष्ठा और पूजा की आजादी, दर्जे की बराबरी, और अवसर की समानता और सब में भाईचारे की भावना बढ़ाना और व्यक्ति की प्रतिष्ठा और राष्ट्र की एकता को सुनिश्चित करना । हमने अपनी सारी शक्ति ऐसे समाज की स्थापना में लगाई है जिसमें ये सारे मकसद कारगर ढंग से हासिल किये जा सकते हैं । अपनी परम्परा के मुताबिक हमने विश्व शांति के लिए परिश्रम किया है और सैनिक गठबन्धनों से अलग रहते हुए भी सभी देशों के साथ मित्रता और सहयोग के सम्बन्ध कायम करने का यत्न किया है । हम यह सोचने का साहस करते हैं कि इस बारे में हम संसार की थोड़ी बहुत सेवा कर सके हैं ।

३. अपने गणराज्य के निर्माण के बाद शीघ्र ही हमने अपनी लम्बी यात्रा शुरू की, जिससे कि हम लोकतंत्रीय और समाजवादी व्यवस्था स्थापित करने का अपना मक़सद हासिल कर सकें और इसके लिये हमने योजना बनाकर काम किया । दो पंच वर्षी योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और अब हम तीसरी पंच-वर्षीय योजना के बीच में हैं । इस अर्से में हमने अपनी अर्थ-व्यवस्था के बहुत से क्षेत्रों में काफी तरक्की की है,

गो हमें इस तरक्की से हमेशा संतोष नहीं हुआ ।

४. खेती-बाड़ी हमारी अर्थ-व्यवस्था का सब से अहम पहलू है। इसका बहुत विकास हुआ है और खेती-बाड़ी की पैदावार में क़ाफी वृद्धि हुई है । बड़े और छोटे, दोनों तरह के उद्योगों में और ग्राम उद्योगों में भी काफ़ी तरक्क़ी हुई है और धीरे-धीरे हमारी अर्थ व्यवस्था का औद्योगिक आधार स्थापित होता जा रहा है। देश के लोगों की सेहत में सुधार हुआ है। और १९४०-५० के दौरान आम लोगों की जो औसत आयु ३२ वर्ष हुआ करती थी वह ४७ वर्ष तक पहुंच गयी है और उस में वृद्धि हो रही है । मलेरिया ख़तम करने के कार्यक्रम के बहुत अच्छे नतीजे निकले हैं। अगरचे शिक्षा का स्तर ऊंचा करने और उसके स्वरूप को सुधारने की दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है, तो भी इसका तेज़ी से विस्तार हुआ है । मार्च, १९६२ के अंत तक हमारे स्कलों और कालिजों में पांच करोड़ से ऊपर लड़के और लड़कियां शिक्षा पा रही थीं । वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा पर खास तौर से ज़ोर दिया गया है और अब बड़ी संख्या में तकनीकी शिक्षा देने वाली संस्थाएं काम कर रही हैं।

५. हालांकि हम अपने देश की अंदरूनी तरक्क़ी करने में लगे रहे फिर भी हम ने अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में उद्देश्यपूर्ण दिलचस्पी ली और हम संसार की शांति की अहमियत पर हमेशा ज़ोर देते र । कुछ मौकों पर तो हमारे हिस्सा लेने से बड़ा फ़र्क़ पड़ा और उसके कारण शान्ति के काम को बढ़ावा मिला। हमें आशा थी कि न केवल संसार में शांति सुनिश्चित होती जायगी बल्कि हम भी अपने पड़ोसियों के साथ अमन से रह सकेंगे, और अगर कोई मसले उठ खड़े होंगे तो वे शांतिपूर्ण तरीक़ों से हल कर लिये जायेंगे । हमने पाकिस्तान के साथ अपने कुछ अहम मसले तो सुलझा लिये हैं लेकिन दुर्भाग्य से दूसरे कुछ ऐसे मसले हैं जिन्हें सुलझाना बाकी है । हम उन्हें भी शांति से हल करना चाहते हैं ताकि भारत, और पाकिस्तान अपने समान इतिहास, संस्कृति और परम्परा के मुताबिक आपस में दोस्ती और सहयोग की भावना वाले पड़ोसियों की तरह रह सकें।

६. कुछ वर्ष हुए चीन ने लद्दाख में चोरी-छिपे हमला शुरू कर दिया जिस के कारण बाद में दोनों देशों के बीच कुछ घटनाएं हुई। इस मामले पर संसद् में अक्सर बहस हुई है। हमें आशा थी कि हम इस प्रश्न को भी शांति पूर्ण तरीकों से सुलझाने में सफल हो जायेंगे । लेकिन पिछले आठ सितम्बर को नेफ़ा में सीमा के पार एक नया हमला शुरू हुआ और टोह लगाने वाले कुछ हमलों के बाद चीन ने बीस अक्तूबर को, भारत-चीन सीमा पर नेफ़ा और लद्दाख दोनों इलाकों में ज़बरदस्त हमला कर दिया। नवम्बर के मध्य में एक और जबरदस्त हमला हुआ और हमारे सैनिकों को पीछे हटना पड़ा । इसके बाद चीन की सरकार ने लड़ाईबन्दी करने और अपनी सेनाएं हटा लेने का इकतरफा आदेश दे दिया ।

७. हमारे इलाके पर इन बड़े हमलों का और लगातार ज़ोर ज़बरदस्ती का हमारी जनता पर बड़ा असर पड़ा और इसका नतीजा यह हुआ कि देश भर में तुरन्त एकता की लहर दौड़ गई । राष्ट्र की अखण्डता और स्वतंत्रता के ख़तरे की इस घड़ी में छोटे मोटे सभी अन्दरूनी भद भाव दब गये और रुक गये । नवम्बर के महीने में हमारी संसद् ने राष्ट्र का इस मामले में नेतृत्व किया और समूचे भारत में हमारी जनता ने इस नेतृत्व का दिल से अनुसरण किया।

८. भारत की अखण्डता पर किसी के भी हमले से हमें दुख होता, लेकिन एक ऐसे

[ राष्ट्रपति ]

देश का आक्रमण, जिस के साथ हम ने दोस्ती रखने की कोशिश की और जिस के पक्ष का समर्थन हम ने अन्तर्राष्ट्रीय कौंसिलों में किया, हमारे साथ बड़ा भारी धोखा था और इस से हमारे लोगों को बहुत धक्का पहुंचा । जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में हमारे देश का पहला कर्तव्य यह था कि वह इस हमले का मजबूती से मुकाबला करे और उसके लिये अपने आप को तैयार करे ।

९. आजकल कोई लड़ाई नहीं हो रही है । लेकिन पिछले कुछ महीनों के अनुभव से हम ख़बरदार और मजबूत हो गये हैं और हमने यह पक्का इरादा किया है कि हम इस संकट से अपना बचाव करेंगे और अपनी रक्षा व्यवस्था तथा आर्थिक ढांचे को पूरी कोशिश से मजबूत बनायेंगे । हमारी सरकार इस जरूरी और अहम काम में लगी हुई है ।

१०. चीनी हमले के बाद जल्दी ही हमारी सरकार ने संसार के देशों से हमदर्दी और हिमायत की अपील की । हम उन बहुत से देशों के आभारी हैं जिन्होंने हमारी हिमायत की और हमारे साथ हमदर्दी जाहिर की । इन में से कई देशों ने तो वास्तविक तौर पर मदद की है और हम उन के प्रति आभारी हैं । ख़ास तौर पर मैं संयुक्त राज्य अमरीका और यूनाइटिड किंगडम का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा जिन्होंने इस संकट में बहुत तेजी से सहायता दी ।

११. श्री लंका तथा गुटबंदी से अलग पांच अन्य राष्ट्रों की सरकारों ने जो प्रस्ताव रखे थे, उन पर संसद् के पिछले इजलास में पूरी तरह बहस हुई । भारत और चीन के बीच जो बुनियादी झगड़ा है, उस के गुण-दोषों का तो इन प्रस्तावों में कोई जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन उन में ऐसा वातावरण तैयार करने के तरीक़े का सुझाव जरूर है, जिससे इन बुनियादी सवालों पर बातचीत हो सके । इन प्रस्तावों पर अच्छी तरह विचार करने और संसद् की राय जान लेने के बाद हमारी सरकार ने, कोलम्बो राष्ट्रों के स्पष्टीकरण को ध्यान में रखकर, इन के बारे में अपनी रजामंदी बिना किसी शर्त के भेज दी । चीन सरकार ने इन प्रस्तावों को अभी तक स्वीकार नहीं किया है और हम अभी यह नहीं कह सकते कि आगे चल कर क्या होने वाला है । क्योंकि हमारा देश शांतिपूर्ण तरीकों का क़ायल है, वह झगड़ों को हमेशा ही शांति पूर्ण ढंग से सुलझाने का कोशिश करता रहेगा, बशर्ते कि ऐसा करने से हमारी इज्जत और आज़ादी को आंच न आये । लेकिन चाहे कुछ भी हो, सैनिक शक्ति के बल पर न कोई हम से अपनी बात मनवा सकता है और न हम मानेंगे ही ।

१२. हमारे सामने आज चीन के हमले की समस्या सब से बड़ी है और इस को सामने रख कर ही हमें बाकी सब बातों पर विचार करना है । किसी भी देश की आजादी और इज्जत सब से बड़ी चीज़ है और अगर कोई देश इन्हें नहीं बचा सकता तो दूसरे मामलों की अहमीयत नहीं रह जाती । इस तरह राष्ट्र के सभी काम इसी बुनियादी मसले पर केन्द्रित हैं । एक राष्ट्रीय रक्षा परिषद् बना ली गई है और एक राष्ट्रीय रक्षा कोष खोल दिया गया है । हमारे लोगों ने इस में खुले दिल से धन दिया है । विभिन्न राज्यों में बहुत सी नागरिक परिषदें बना दी गई हैं और उन के काम में तालमेल रखने के लिये एक केन्द्रीय नागरिक परिषद् भी बना दी गई है ।

१३. हमारी हथियारबंद सेनाओं का विस्तार करने और आर्डनेंस फैक्टरियों तथा रक्षा के दूसरे कारखानों में उत्पादन बढ़ाने के लिये बहुत से कदम उठाये गये हैं । इस दिशा में असैनिक कारखानों से भी सहायता ली जा रही है । इन फैक्टरियों

में काम करने वाले सभी लोगों का अपनी सरकार की तरफ से धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने राष्ट्र के काम में तन-मन से योग दिया है। यही बात उन लोगों पर भी लागू होती है जो समूचे देश में खेतों, कारखानों और सरकारी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। मातृ-भूमि पर संकट की घड़ी में इस महान् देश के लोगों ने बड़ी लगन से जो योग दिया है उसे देख कर हमारे हौसले बहुत बढ़े हैं।

१४. एमरजेंसी का एलान हो जाने के बाद जल्दी ही मजदूरों और प्रबन्धकों की केन्द्रीय संस्थाओं ने उद्योगों में शांति बनाए रखने के लिये एक राय हो कर प्रस्ताव पास कर दिया जिस का मक़सद यह था कि कारखानों में झगड़े बिल्कुल खतम कर दिए जायें, उत्पादन को बढ़ाया जाये और जहां तक हो सके लागत में कमी की जाए। इसका नतीजा यह हुआ है कि केन्द्र में, राज्यों में और बहुत से कारखानों में एमरजेंसी उत्पादन कमेटियां बना दी गई हैं।

१५. चीनी हमले से हमारे ऊपर जो भारी बोझ पड़े और उस का मुकाबला करने के लिये जो कदम उठाये गए, उन सब को ध्यान में रखते हुये यह सवाल उठा कि कोई बड़ी तब्दीली किए बग़ैर हमारी तीसरी पंच वर्षीय योजना किस तरह पूरी की जा सकती है। इस मामले पर पूरी तरह से ग़ौर करने के बाद हमारी सरकार इस नतीजे पर पहुंची कि राष्ट्र को मज़बूत बनाने के लिये इस योजना के एक बहुत बड़े हिस्से को पूरा करना ही होगा और इसलिये रक्षा की दृष्टि से भी इस पर अमल करना जरूरी है। आर्थिक विकास और उद्योगों की तरक्की ही हमारी रक्षा की तैयारी का आधार है। आर्थिक विकास के रोकने या इस की प्रगति धीमी करने का नतीजा यह होगा कि देश कमज़ोर हो जायेगा। इस लिये यह फैसला किया गया है कि हालात के मुताबिक इधर-उधर कुछ फेर-बदल करके तीसरी पंच वर्षीय योजना पर अमल जारी रखा जाये, और हमारे उद्योगों का इस तरह पुनर्गठन किया जाये कि रक्षा की जरूरतों को पहला स्थान दिया जा सके। इस तरह खेती-बाड़ी उद्योग, परिवहन, संचार, बिजली, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में हमें भरसक कोशिश करते रहना है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिये यह बहुत ज़रूरी है कि खेती-बाड़ी का आधार मज़बूत हो। रक्षा के लिये उद्योग जरूरी है और इसी तरह बिजली, परिवहन और तकनीकी शिक्षा को बढ़ाना भी।

१६. खेती में अधिक पैदावार के कार्यक्रम से पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चावल की प्रति एकड़ पैदावार में पन्द्रह से इक्कीस प्रतिशत, गेहूं की आठ से पन्द्रह प्रतिशत और जौ की ग्यारह से पच्चीस प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। औद्योगिक उत्पादन में बराबर वृद्धि हुई है और १९६२ के पहले नौ महीनों में कोई साढ़े सात प्रतिशत अधिक उत्पादन होने का अनुमान है। लोहे और इस्पात का उत्पादन बराबर बढ़ रहा है। पब्लिक सैक्टर में इस्पात के कारखानों का विस्तार करने की दिशा में और दुर्गापुर में अलॉय स्टील कारखाना लगाने की दिशा में क़दम उठाये गये हैं। खनिज और तेल साधनों के विकास कार्य में और तरक्की हुई है। कोयले का उत्पादन बराबर बढ़ रहा है और यह आशा की जाती है कि हमने इस वर्ष में छः करोड़ दस लाख (मेट्रिक) टन कोयला निकालने का जो लक्ष्य रखा है वह पूरा हो जायेगा।

१७. दिसम्बर, १९६२ में भारतीय व्यापारी जहाजी बेड़े का टनभार दस लाख ग्रास रजिस्टर्ड टन तक पहुंच गया। १९६६ तक साढ़े पांच लाख ग्रास रजिस्टर्ड टन का

[राष्ट्रपति]

अतिरिक्त भार प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखा गया है, वह योजना काल समाप्त होने से तीन वर्ष पहले ही पूरा हो जायेगा, ऐसी आशा है। दो लाख टन तो पहले प्राप्त कर लिया गया है और दो लाख टन से ज्यादा और लेने के पक्के आर्डर दे दिये गये हैं।

१८. खर्च में कमी करना, चीजों को जाया न होने देना, अपने सीमित साधनो को बचाए रखना और सम्हाल कर उनका इस्तेमाल करना हमेशा ही जरूरी होता है, लेकिन आज इसकी खास अहमीयत है। लोगों की बुनियादी जरूरत पूरी होनी चाहिए और कीमतों को बढ़ने से रोकना चाहिये। हमारे देश वासियों में एकता और डिसिप्लिन की इतनी अच्छी भावना जागी कि एमरजेंसी का एलान होते ही अर्थ व्यवस्था को स्थिर रखने की जरूरत सभी ने फौरन मान ली। थोक भावों का भी मौजूदा स्तर उससे ऊंचा नहीं है, जो तीसरी योजना के शुरू में था। भारत में चोरी-छिपे सोना लाने से हमारी विदेशी मुद्रा के साधनों पर जो भार पड़ता है, उसे रोकने के लिए सोने पर नियंत्रण रखने के मकसद से कुछ नियम बनाये गये हैं।

१९. ऐटमी शक्ति विकसित करने के हमारे कार्यक्रम में तेजी से तरक्की हुई है। बिहार में यूरेनियम की एक खान खोदी जा रही है तथा एक यूरेनियम मिल बनाई जा रही। पहला ऐटमी बिजलीघर तारापुर में; दूसरा राजस्थान में, राणा प्रताप सागर में और मद्रास राज्य में पूर्वो तट पर कलपक्कम में बनाया जायेगा। और जांच करने पर यह मालम हुआ है कि तारापुर में बिजलीघर में बिजली पैदा करने पर जो लागत आयेगी, वह उससे कम होगी जो इसी जगह इतने ही बड़े किन्तु कोयले से बिजली पैदा करने वाले बिजली घर में आयेगी। ऐटमी शक्ति से चलाये जाने वाले इन बिजलीघरों से हमारी रेल और परिवहन व्यवस्था का भार भी कम हो जायेगा।

२०. अब लगभग सारे देश में कम्युनिटी डिवेलपमेंट प्रोग्राम चल रहे हैं और पंचायती राज्य भी नौ राज्यों में लागू हो गया है। एमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय रक्षा को दी गई चुनौती का सामना करने के लिये ग्रामीण भारत को एक साथ काम में जुटाने का एक कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रत्येक पंचायत में ग्राम स्वयंसेवक दल बनाये जायेंगे और इनके तीन काम होंगे—उत्पादन, सामहिक शिक्षा और ग्राम रक्षा। इस योजना का एक जरूरी अंग है एक रक्षा श्रम बैंक, जिसके लिये हर महीने में हर बालिग कम से कम एक दिन मुफत काम करेगा। देहाती इलाकों में सहकारी आंदोलन ने काफी तरक्की की है। बुनियादी कृषि करजा देने वाली सोसाइटियों की सदस्य संख्या इस समय दो करोड़ है और आशा है कि १९६३ में वह दो करोड़ चालीस लाख और अगले वर्ष तक दो करोड़ अस्सी लाख हो जायेगी। अब तक एक हजार से ज्यादा सहकारी खेती समितियां बनाई जा चुकी हैं।

२१. आप को यह सूचना देते हुए मुझे खुशी होती है कि फ्रांस सरकार ने पूर्व फ्रांसीसी बस्तियों के बारे में विसर्जन संधि को पक्का कर दिया है। इस कार्रवाई से इन बस्तियों को काननी रूप से भारत को सौंप देने का काम पूरा हो गया है।

२२. नेपाल के साथ हमारे संबंध बदस्तूर मित्रतापूर्ण हैं। भारत ने आर्थिक और तकनीकी—इन दोनों ही क्षेत्रों में नेपाल को जो सहायता दी है उसके संतोष जनक नतीजे निकले हैं। भारत ने तीसरी पंच वर्षीय योजना के दौरान में नेपाल को अठारह करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने का वायदा किया है। यह सहायता कोसी और गंडक के प्रोजैक्टों के अलावा है जिन से भारत और नेपाल दोनों को ही लाभ होगा।

२३. भारत ने भूटान और सिक्किम को भी, उनके आर्थिक विकास के लिए काफी मदद

दी हैं। भारत ने भूटान को कोलम्बो योजना का मेम्बर बनाने का प्रस्ताव किया और भूटान ने नवम्बर १९६२ में मैलबोर्न में कोलम्बो योजना सलाहकार समिति में भाग लिया।

२४. भारत सरकार ने अल्जीरिया, बुरुण्डी, जमेका, रुआण्डा, ट्रिनिडाड, टोबागो और उगाण्डा की आजादी का स्वागत किया है और व संयुक्त राष्ट्र के मेम्बर बना लिये गये हैं। हम इन नए आजाद देशों की सफलता की कामना करते हैं। जल्दी ही न्यासालेंड में भी उसकी अपनी सरकार बन जायेगी।

२५. कांगो में संयुक्त राष्ट्र के अधीन काम करते हुए हमारे सैनिकों ने वहां के कठिन मसलों को सुलझाने में बड़ी मदद की है। हमारे सैनिक तब तक वहां रहेंगे जब तक संयुक्त राष्ट्र ऐसी हालत में नहीं हो जाता कि अपने शांतिपूर्ण प्रयत्नों में बिना किसी प्रकार की बाधा के उन्हें वहां से लौटने की अनुमति दे सके।

२६. पिछले वर्ष बहुत से देशों के राज्याध्यक्ष तथा प्रधान मंत्री और दूसरे नेता हमारे यहां सद्भाव-यात्रा पर आये हम ने उनका स्वागत किया। इन अतिथियों में थे : नेपाल के महाराजाधिराज और महारानी मक्सिको के राष्ट्रपति, लोपेज मातिओस, रुमानिया लोक गणराज्य के राष्ट्रपति, श्री देज साइप्रस के राष्ट्रपति, मकारिओस, जर्मन संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति, डा० हेनरिख लुबके; कम्बोदिया के राजकुलमान्य राजकुमार नरोदम सिहानुक; युनान के महामहिम महाराज और महारानी; सिंगापुर के प्रधान मंत्री, श्री ली क्वाइन यू; मलय के प्रधान मंत्री, तुंकु अबदुल रहमान; युगोस्लाविया के उप-राष्ट्रपति, श्री एडवर्ड कार्देल्ज और लबनान के प्रधान मंत्री, डाक्टर रशीद कर।मे।

२७. इस समय जब कि हमरी सारी कोशिशें अहम मसलों का सामना करने पर और रक्षा तथा आर्थिक विकास के लिये अपनी जनशक्ति और साधनों को जुटाने पर लगी हुई हैं,



हम अंतर्राष्ट्रीय हालात में जो थोड़ा-सा सुधार हुआ है, उसका स्वागत करते हैं। क्यूबा एक ऐसी मिसाल रही जिसके कारण समचा संसार ऐटमी जंग के किनारे पर जा खड़ा हुआ था, लेकिन दो बड़े राष्ट्रों के सद्भाव और संयम के कारण यह जंग टल गई। तनाव खत्म होने के कुछ आसार दिखाई दिए हैं और एटमी हथियारों पर रोक लगाने के बारे में समझौता हो जाने की भी उम्मीद हो गई है।

२८. भारत सरकार के १९६३-६४ के माली साल की आमदनी और खर्च के अंदाज़े का ब्यौरा आपके सामने रखा जाएगा।

२९. आपके सामने विचार के लिये जो बिल रखे जायेंगे उन में से ये भी हैं :—

१. संघीय प्रदेश पांडिचेरी, कराइकल, माहे और यनाम के लिये संसद् में प्रतिनिधित्व की व्यवस्था करने का एक बिल।

२. संघीय प्रदेश बिल।

३. गंदी बस्ती (सुधार और सफाई) संशोधन बिल।

४. भारतीय उत्प्रवास (संशोधन) बिल

५. उद्योग-विवाद (संशोधन) बिल।

६. फैक्ट्री (संशोधन) बिल।

७. बिजली (सप्लाई) संशोधन बिल।

८. दिल्ली विक्रय (संशोधन) बिल।

३०. संसद सदस्य गण! देश के इतिहास की एक बहुत नाजुक घड़ी में हम यहां इकट्ठे हुए हैं। एसी हालत में, जब कि हमने लोकतंत्रीय समाजवादी समाज का निर्माण करने का बचन लिया है, जिसमें शांतिपूर्ण तरीको और रजामंदी से तरक्की की जाती है, हमें विदेशी हमले के खतरे का भी सामना करना है। मुझे पूरा-पूरा विश्वास है कि यह संसद जो हमारी नीति और राष्ट्र की रहनुमाई के लिए पूरी तरह से

[राष्ट्रपति]

जिम्मेदार है, इन बड़े कामों को हौसले और समझदारी से तथा बर्दाश्त करना और सहयोग की भावना से पूरा करेगी। मैं चाहता हूं कि आपकी कोशिश सफल हो, जिस से हमारी जनता और दुनिया का भला हो। उठो, जागो जो अवसर आपको प्राप्त हैं उनको समझो और जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए तब तक मत रुको।

"उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत"।

## PRESIDENT'S ASSENT TO BILLS

**Secretary:** Sir, I lay on the Table the Indian Tariff (Amendment) Bill, 1963, passed by the Houses of Parliament during the last Session and assented to by the President since a report was last made to the House on the 21st January, 1963.

Sir, I lay on the Table Copies, duly authenticated by the Secretary of Rajya Sabha, of the following two Bills passed by the Houses of Parliament during the last Session and assented to by the President since a report was last made to the House on the 21st January, 1963:—

(1) The Hindi Sahitya Sammelan (Amendment) Bill, 1963.

(2) The Representation of the People (Amendment) Bill, 1963.

---

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### AUDIT REPORT, APPROPRIATION ACCOUNTS AND BLOCK ACCOUNT RAILWAYS

**The Minister of Finance (Shri Morarji Desai):** I beg to lay on the Table a copy each of the following papers:—

(i) Audit Report, Railways, 1963, under article 151(1) of the Constitution. [*Placed in* Library. *See* No. LT-777/63].

(ii) Appropriation Accounts, Railways, for 1961-62, Part I—Review. [*Placed in Library. See.* *No.* LT-778/63].

(iii) Appropriation Accounts, Railways, for 1961-62, Part II—Detailed Appropriation Accounts. [*Placed in Library. See No.* LT-779/63].

(iv) Block Accounts, including Capital Statements, comprising the Loan Accounts), Balance Sheets and Profit and Loss Accounts, Railways, 1961-62. [*Placed in Library. See* No. LT-780/63].

### NOTIFICATION UNDER TARIFF COMMISSION ACT AND ANNUAL REPORT OF HINDUSTAN INSECTICIDES LIMITED WITH AUDITED ACCOUNTS AND COMMENTS AND REVIEW BY GOVERNMENT ON THE COMPANY'S WORKING

**The Minister of Industry in the Ministry of Commerce and Industry (Shri Kanungo):** I beg to lay on the Table a copy each of the following papers:—

(i) Notification No. CH(I)-6(9) 61, dated the 14th January 1963 regarding refixation of prices for soda ash, under sub-section (2) of section 16 of the Tariff Commission Act, 1951. [*Placed in Library. See* No. LT-781/63].

(ii) (a) Annual Report of the Hindustan Insecticides Limited, New Delhi, for the year 1961-62, along with the Audited Accounts and the Comments of the Comptroller and Auditor General thereon, under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956.

(b) Review by the Government on the working of the above Company. [*Placed in Library. See* No. LT-782/63].